(ख) सब राज्यों के समस्त जिलों की जिला जनगणना पुस्तिकायें प्रकाशित हो चुकी हैं । उड़ीसा की जिला जनगणना पुस्तिकाओं की केवल साइक्लोस्टाइल प्रतियां ही उपलब्ध हैं क्योंकि वह राज्य सरकार इनको छपवाने के लिये सहमत नहीं थी ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली पुलिस फ्लाइंग स्क्वैड

१३१२. श्री वाङक : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनता की सेवा करने के लिये दिल्ली में पुलिस का जो फ्लाइंग स्क्वैड बनाया गया है उसने अब तक क्या कार्य किया है ;

(ख) इस स्क्वैड में कितने सिपाही कार्य करते हैं ; और

(ग) किन-किन केन्द्र-प्रशासित क्षेत्रों में ऐसे स्क्वैड बनाये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (पंडित गो० ब० पन्त) : (क) दिल्ली फ्लाइंग स्क्वैड १२ फरवरी १९५७ को बना; तब से यह ३१४७ बार जनता के बुलाने पर गया । सूचना मिलते ही वह घटना-स्थल पर पहुंच जाता है ।

(ख) ६० ।

(ग) ऐसे स्क्वैड और किसी केन्द्र-प्रशासित क्षेत्र में नही हैं ।

अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का इतिहास

१३१३. श्री वाङक : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की सेवाओं के इतिहास का जो नया संस्करण तैयार किया जा रहा है, उसमें अब तक क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) इस इतिहास प्रकाशन का क्या उद्देश्य है ?

गृह-कार्य मंत्री (पंडित गो० ब० पन्त) : (क) वह छप रहा है ।

(ख) इस में अधिकारियों के शैक्षणिक जीवन तथा उनकी सेवा का विस्तृत विवरण होगा जिसकी सरकार को, उनकी विभिन्न पदों पर नियुक्ति करने के लिये, समय समय पर आवश्यकता पड़ती रहती है । यह अकाउन्टेंट जनरल के लिये भी उपयोगी होगा । इस प्रकाशन को एक विस्तृत निर्देश पुस्तक के रूप में बनाने का विचार है जो समय और श्रम को बचायेगी जो आवश्यकता पड़ने पर ऐसी सूचना को एकत्र करने में लगता है ।

Paper Requirements of Government Security Press

1314. **Shri Jadhav:** Will the Minister of Finance be pleased to state:

(a) the quantity of paper annually required for printing currency notes, stamps and other necessities in the Government Security Press;

(b) the price per pound of each type of currency paper;

(c) what quantities of currency papers are burnt away daily as wastage;

(d) the wastage per day prior to the year 1951; and

(e) whether Government have considered the proposal to have a small pulp plant installed in the Press instead of burning away the wastage?

The Minister of Finance (Shri T. T. Krishnamachari): (a) About 1,450 tons for currency notes and 5,000 tons for stamps and other products.

(b) The present cost of currency note paper is Rs. 4·59 per lb.

(c) Roughly between 3 and 4% of the total quantity consumed is burnt away as wastage.